# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 02.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय बजट में झारखंड में रेल क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए 7 हजार 536 करोड़ रुपये का आवंटन, रांची के डीआरएम ने कहा–रेल मंडलों की बदलेगी सूरत।**
2. **रांची पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार सिंह ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत की दिशा में बताया बड़ा कदम, झामुमो ने लगाया झारखंड की उपेक्षा का आरोप।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम के सेरेंगसिया घाटी में शहीदों को दी श्रद्धांजलि, करोड़ों रुपये की योजनाओं का किया शुभारंभ, डेढ़ हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र।**
4. **राज्य में निकाय चुनाव को लेकर जारी नामांकन प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार, गिरिडीह, पलामू, खूंटी और पाकुड़ समेत कई जिलों में मेयर पद के लिए कई प्रत्याशियों ने भरे पर्चे।**
5. **हजारीबाग में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय और ट्राइफेड ने आयोजित किया ट्राइबल आर्टिजन इम्पैनलमेंट मेला, आदिवासी कलाकारों को मिला बड़ा मंच।**

****************

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए बजट में राज्यों को मिले आवंटन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि झारखंड में रेल क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए इस बार 7 हजार 536 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

****************

इस बीच रांची रेल मंडल के डीआरएम करुणा निधि सिंह ने बताया कि इस राशि से रांची और धनबाद जैसे महत्वपूर्ण डिवीजनों की सूरत बदलेगी।

****************

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद अरुण सिंह ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। आज रांची में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बजट की प्राथमिकताओं और झारखंड को होने वाले फायदों पर विस्तार से चर्चा की। श्री सिंह ने आम बजट को नारी शक्ति और युवाओं के लिए समर्पित बताया है।

****************

इधर, राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने आम बजट की आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडेय ने इस बजट को झारखंड के लिए उपेक्षित और निराशाजनक बताया है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज पश्चिमी सिंहभूम की सेरेंगसिया घाटी पहुंचकर कोल विद्रोह के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने डेढ़ हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और क्षेत्र के विकास के लिए कई नई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में सभी वर्गों के उत्थान की प्रतिबद्धता दोहरायी।

****************

राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया आज से तेज हो गयी है। गिरिडीह में आज मेयर पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। मेयर पद के लिए जिले में अब तक कुल 19 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है। उधर, पलामू के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में भी कुछ नामांकन हुए हैं। खूंटी नगर पंचायत चुनाव के लिए भी वार्ड पार्षद पद के लिए कई प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए। उधर, पाकुड जिले के एक मात्र नगर परिषद क्षेत्र में होने वाले चुनाव को लेकर आज वार्ड पार्षद के लिए 30 और नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन के पर्चे दाखिल किये।

****************

धनबाद के चर्चित सिंह मेंशन पर कल देर रात हुए बम हमले से इलाके में दहशत है। पूर्व विधायक संजीव सिंह और झरिया विधायक रागिनी सिंह ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर घटना की कड़ी निंदा की और पुलिस से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, रागिनी सिंह ने इसे धनबाद में बढ़ते अपराध का हिस्सा बताया। इस बीच सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और मामले को सुलझाने के लिए दो विशेष टीमें गठित की गई हैं।

****************

नीति आयोग ने गिरिडीह में संपूर्णता अभियान 2. 0 की शुरुआत की है, जिसका लक्ष्य स्वास्थ्य और शिक्षा सहित 5 प्रमुख संकेतकों में 100 प्रतिशत सफलता पाना है। डीसी राम निवास यादव ने इसका शुभारंभ किया। जिला योजना अधिकारी जीतेन्द्र दुबे ने कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को बताया कि यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा।

****************

हजारीबाग में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय और ट्राइफेड द्वारा ट्राइबल आर्टिजन इम्पैनलमेंट मेला आयोजित किया गया। इसका उदेश्य 100 से अधिक आदिवासी कलाकारों को अपने हस्तशिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने का मंच देना है। इसे लेकर आदिवासी कारीगरों में खासा उत्साह देखा गया।

****************

राजस्थान में आयोजित पैरा थ्रो बॉल नेशनल फेडरेशन कप के लिए झारखंड की दिव्यांग खिलाड़ियों की टीम आज रांची से रवाना हो गई। कल से 5 फरवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

****************

राज्य में उत्तर–पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में गुमला 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे ठंडा इलाका रहा, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 29 दशमलव 4 डिग्री दर्ज किया गया।

********समाप्त*********